<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>ग्रामीण सशक्तिकरण को समर्पित एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न</u>

पंतनगर। 27 जनवरी 2026। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा 18 से 24 जनवरी 2026 तक चकफेरी कॉलोनी में सात–दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विषय 'ग्रामीण सशक्तिकरण हेतु शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास' रहा। शिविर के दौरान योग, ग्राम सर्वेक्षण, बच्चों के लिए शैक्षणिक गतिविधियाँ, डिजिटल साक्षरता, हस्तशिल्प एवं सिलाई प्रशिक्षण, करियर मार्गदर्शन, महिला एवं बालिका जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, ई–गवर्नेस, सरकारी योजनाओं एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक का उपयोग न करने (से नो टू प्लास्टिक) एवं स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा बच्चों एवं महिलाओं को स्टेशनरी व उपयोगी सामग्री वितरित की गई। समापन समारोह में डा. सोनू रानी, एनएसएस समन्वयक, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। डा. सोनू रानी एवं डा. संध्या रानी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया।

